**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 12.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी तीन दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगी झारखंड, कोडरमा–बरकाकाना वाया हजारीबाग रेलखंड के दोहरीकरण पर जताया आभार।**
- **कांग्रेस ने राज्य में टीएसी की तर्ज पर एससी आयोग के गठन का प्रयास किया तेज, प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा–जल्द मुख्यमंत्री से मिलकर करेंगे आग्रह।**
- **विश्व बालश्रम दिवस पर आज देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, झारखंड में भी बच्चों का शोषण रोकने को लेकर आयोजित किये जा रहे हैं जागरुकता कार्यक्रम।**
- **रांची में आयोजित खेल संघों की संगोष्ठी का आज आखिरी दिन, राज्य में खेलों के विकास को लेकर तैयार किया जायेगा रोडमैप।**

,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज से तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचेंगी। आज वे रांची पहुंचने पर रात्रि विश्राम करेंगी और कल वे रांची से सीधे धनबाद के लिए रवाना होंगी। इस दौरान वे धनबाद में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। इस दौरान वे केन्द्र में मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों से लोगों को अवगत करायेंगी।

,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

केंद्र सरकार ने कोडरमा–बरकाकाना वाया हजारीबाग रेलखंड के दोहरीकरण की मंजूरी देकर न सिर्फ कोडरमा के लोगों को बड़ी सौगात दी है। इसके साथ ही चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ जिले को भी आर्थिक और व्यावसायिक रूप से इसका फायदा मिलेगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने इस फैसले के लिए आभार जताया है।

,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम आज देवघर पहुंचे। इस मौके पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ आज रांची में प्रेसवार्ता आयोजित कर केन्द्र सरकार के ग्यारह वर्ष की उपलब्धियां बतायेंगे। श्री सेठ रांची में महानगर भाजपा कार्यालय में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को दर्शाती एक प्रदर्शनी का भी उदघाटन करेंगे।

''''''''''''''''''''''''

इस वर्ष पहली जुलाई से, आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य होगा। 15 जुलाई से कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण केंद्रों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए भी मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज करना होगा। एसी क्लास के लिए यह प्रतिबंध सुबह 10 से साढ़े दस बजे तक और नॉन–एसी क्लास के लिए सुबह 11 से साढ़े ग्यारह बजे तक रहेगा।

''''''''''''''''''''''''

झारखंड में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस ने राज्य में टीएसी की तर्ज पर एससी परामर्शदात्री परिषद के गठन की पहल तेज कर दी है। इस सिलसिले में कल रांची में पार्टी के अनुसूचित विभाग की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू भी शामिल हुए। के. राजू ने कहा है कि एससी आयोग के गठन के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया जायेगा। साथ ही अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र बनने में आ रही समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया जायेगा।

''''''''''''''''''''''''

वनवासी कल्याण केंद्र की ओर से आज राजभवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने वनवासी कल्याण केंद्र के कार्यों की सराहना की। उनहोंने कहा कि यह संस्था सुदूरवर्ती गांवों में शिक्षण संस्थानों का संचालन कर गांवों के बच्चों का भविष्य निर्माण कर रही हैं।

''''''''''''''''''''''''

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गिरिडीह में भी तैयारी शुरू हो गई है। गिरिडीह डीसी राम निवास यादव ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला से लेकर पंचायत स्तर तक योग की तैयारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी लोगों से इसमें भाग लेने की अपील की।

''''''''''''''''''''''''

आज विश्व बालश्रम निषेध दिवस है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष से कल जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में लगभग तेरह करोड़ अस्सी लाख बाल श्रमिक थे। इनमें से लगभग पांच करोड़ चालीस लाख बच्चे ऐसे खतरनाक कामों में लगे हुए थे जो उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास के

प्रतिकूल है। इधर, झारखंड में भी बालश्रम की रोकथाम के लिए जागरुकता के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

''''''''''''''''''''''''''

घरेलू शेयर बाजार में आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी में शून्य दशमलव चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई। सेंसेक्स तीन सौ 77 अंक गिरकर 82 हजार एक सौ 38 पर और निफ्टी एक सौ दस अंक गिरकर 25 हजार 31 पर कारोबार कर रहा था।

''''''''''''''''''''''''''

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नवासी हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

''''''''''''''''''''''''''

पाकुड जिले को  नशा मुक्त बनाने की जिला प्रशासन की मुहिम धीरे धीरे जनांदोलन का रूप लेने लगा है। सभी वर्गों एवं तबकों के लोग इस मुहिम का हिस्सा बन रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

''''''''''''''''''''''''''

खेल विभाग की ओर से राज्य में खेलों के विकास को लेकर आयोजित संगोष्ठी का आज दूसरा और आखिरी दिन है। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी खेलों के विकास के रोडमैप पर चर्चा कर रहे हैं। संगोष्ठी में खेल सचिव मनोज कुमार ने कहा कि इस परिचर्चा में जो भी बातें आयेंगी, उसी आधार पर खेल संघों का एक रोड मैप बनाया जायेगा।

''''''''''''''''''''''''''

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में आज राज्य के 20 जिलों में आंधी–तूफान के साथ वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के उत्तर–पश्चिमी भागों को छोड़ राज्य के सभी हिस्से में गरज और तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात के आसार हैं।

''''''''''समाप्त''''''''''